## खबर संक्षेप

### कल मंडला आएंगे जालम सिंह पटेल, सामाजिक बैठक में करेंगे शिरकत



**मण्डला।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री एवं अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल का कल 11 अप्रैल को मंडला आगमन हो रहा है। लोधी क्षत्रिय समाज के जिला मीडिया प्रभारी मंगल सिंह ठाकुर ने बताया कि राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा का विशाल आयोजन भोपाल के जंबूरी मैदान में होने जा रहा है, इसी परिपेक्ष्य एवं अन्य समाजिक विषयों पर चर्चा करने श्री पटेल जिले में आयोजित लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक संघ की बैठक में दोपहर 12:30 बजे माहिष्मती घाट के गोंडी पब्लिक ट्रस्ट भवन पर शिरकत करेंगे साथ ही उक्त बैठक में जबलपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष जबलपुर संजय पटेल भी मौजूद रहेंगे समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर एवं आलोक संघ के अध्यक्ष राजेश लोधी द्वारा सामाजिक बंधुओ से अधिकाधिक संख्या में उक्त बैठक पर सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### जहां चाहे वहां से रेत उत्खनन की आजादी, बिना रायल्टी परिवहन की है छूट

# क्या नियम कानून से ऊपर है रेत ठेकेदार

*** सड़कों की दुर्दशा कर रहे रेत से भरे बड़े- बड़े वाहन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**"कहावत है कि समरथ को नहीं दोष गोसाईं"** और यही पिछले काफी समय से मण्डला जिले में चरितार्थ भी होता दिखाई दे रहा है। पहले जहां रेत खदानों के अलग-अलग ठेके होते थे तो रेत ठेकेदारों पर तरह-तरह के नियम और कानून लागू हो रहे थे मसलन फिर जो खदान का रकबा है उसके आजू-बाजू कहीं से भी उत्खनन नहीं किया जा सकता था, खदान में उत्खनन के लिये मशीनों का उपयोग करना वर्जित था, परिवहन के लिये रायल्टी आवश्यक होती थी और रायल्टी में भी परिवहन की समय-सीमा अंकित होना अनिवार्य था इस तरह की और भी पाबंदियाँ थी और जिनमें थोड़ी भी लापरवाही यदि रेत ठेकेदार करता था तो राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खनिज विभाग और प्रशासनिक अधिकारी उनके विरूद्ध दण्डात्मक और जुर्माने वाली कार्यवाही करते थे।





लेकिन अब व्यवस्था बदली है अब एक ही कंपनी को जिले की सभी रेत खदानों का उत्खनन का ठेका एक साथ दिया गया है ऐसे में स्वाभाविक है कि कोई छोटा-मोटा ठेकेदार तो ऐसे ठेके ले नहीं सकता और जो लेता है वह निश्चित रूप से पैसा और पॉवर के मामले में भारी ही होगा और यही कारण है कि इस भारी भरकम ठेकेदार के सामने पूरा जिला प्रशासन नतमस्तक नजर आ रहा है।



### जहां मन आया वहां उत्खनन

स्वीकृत रेत खदानों के रकबे के बाहर भी बेखौफ रेत उत्खनन किया जा रहा है न तो राजस्व विभाग और न ही वन विभाग ने कभी इस पर आपत्ति की या रेत खदानों में जाकर नपाई की हो। जहां अधिक रेत है वहां से ठेकेदार मशीन लगाकर भरपूर मात्रा में रेत का उत्खनन कर रहे हैं और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं।



### नो-एन्ट्री का कोई प्रभाव नहीं

शहर के अंदर भारी वाहन किस समय प्रवेश कर सकेंगे इसकी एक नियमावली बनाई गई है लेकिन रेत से भरे हाईवा वाहन या डम्फर पर ये नियम शायद लागू नहीं होते। दिन हो या रात रेत से भरे बड़े-बड़े हाईवा वाहन बेलगाम गति से दौड़ते रहते हैं और कोई उन्हें रोकने वाला नहीं। पिछले कुछ समय में इन्हीं बेलगाम भागते वाहनों से दुर्घटनायें भी हुई है और निर्दोष मासूमों की जानें भी गई हैं इसके बावजूद प्रशासन ने न तो कोई संवेदना ही दिखाई और न ही रेत से भरे वाहनों के आवागमन में कोई सख्ती दिखाई।

### सिर्फ ट्रेक्टर ट्रालियों पर ही होती कार्यवाही

जब कभी रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का हल्ला मचता है या शिकवा शिकायतें होती हैं तो दिखावे के लिये प्रशासन ट्रेक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही करता है ये बेचारे छोटे-छोटे व्यवसायी जिन्होंने कर्ज लेकर ट्रेक्टर खरीद रखा है और रेत का एवं अन्य खनिजों का परिवहन कर अपनी आजीविका चला रहे हैं इन्हें रेत परिवहन की रायल्टी ठेकेदार द्वारा नहीं दी जाती बल्कि पर्ची और टोकन के आधार पर ही परिवहन व्यवस्था लागू की जाती है ऐसे में जब राजस्व के अधिकारी या पुलिस के अधिकारी इन ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़ते हैं तो बिना रायल्टी रेत परिवहन का जुर्माना उनसे वसूलते हैं और कई दिनों तक थाने में इनकी गाड़ियाँ खड़ी भी रहती हैं। जबकि ये नियम के तहत व्यवसाय करने का प्रयास तो करते हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा इन्हें सहयोग नहीं किया जाता और परिणाम स्वरूप इन्हें हजारों रूपये का जुर्माना भरना पड़ता है।

### नदी के अंदर से निकाल रहे रेत

जिन नियमों एवं शर्तो के आधार पर रेत उत्खनन की अनुमति शासन द्वारा दी जाती है उसमें यह नियम बहुत ही स्पष्ट है कि किसी भी स्थिति में नदी के अंदर से रेत का उत्खनन नहीं किया जायेगा, रेत उत्खनन में मशीनों का उपयोग नहीं किया जायेगा, नदी के अंदर किसी भी स्थिति में मिट्टी मुर्रम डालकर न तो नदी की धारा को प्रभावित किया जायेगा और न ही किसी भी स्थिति में नदी के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की जायेगी इसके बावजूद खुलेआम न केवल नदी के अंदर उत्खनन हो रहा है बल्कि बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है और नदी के अंदर तक हाईवा एवं डम्फर जैसे बड़े वाहन जा सकें इसके लिये सैकड़ों ट्राली मिट्टी मुर्रम डालकर नदियों के अंदर रास्ते बनाये जा रहे हैं नदियों की धारा को बदला जा रहा है, नदियों के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और शासन प्रशासन के लोग दीवारों में जल संरक्षण के नारे लिखवाकर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं।



## ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत सेक्टर खलोड़ी की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कल ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना मवई के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा (9 से 23 अप्रैल 2026) के अवसर पर सेक्टर खलोड़ी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य "जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के अधिकतम विकास" विषय पर जागरूकता बढ़ाना। बैठक में सीएचओ उर्वशी सनोडिया द्वारा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं पर्यवेक्षक श्रीमती कमली परस्ते ने विभाग में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास, तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही परिवार एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य अनंत सिंह, हनुमान जाट, पर्यवेक्षक श्रीमती कमली परस्ते, इंजीनियर राजीव खोपरा गढ़े, सीएचओ उर्वशी सनोडिया, सचिव जय सिंह धुर्वे, रोजगार सहायक गुलाब ऊयके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाने में हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात हे कि आज पूरे विश्व मे णमोकार महामंत्र दिवस मनाया विश्व शांति के लिए और एकता के लिए इस मंत्र को प्राकृत भाषा में लिखा गया है इस मंत्र में पांच पद 35 अक्षर और 58 मात्राऐं हैं इसमें पंच परमेष्ठी को नमस्कार किया गया है इस मंत्र को कहीं से भी पढ सकते है इसके हर अक्षर में मंत्र मंत्र समाहित है यह मंत्र बहुत ही शक्तिशाली है ।। विश्व के 108 से अधिक देशो मे प्रातःकाल 8 . 15 बजे से 9 .30 बजे तक सामूहिक रूप से एकत्रित होकर महामंत्र णमोकार का पाठ विश्व कल्याण की पवित्र भावना के उद्देश्य को लेकर किया जा गया है । हम सभी ने भी जहां भी हो हर शहर नगर गांव में णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया है।

## बीच रोड से हटेंगे विद्युत पोल, यातायात होगा सुगम....................

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की पहल पर शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नेहरू स्मारक से बिंझिया तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे 11 केवी एवं एलटी विद्युत पोलों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्य कलेक्टर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) द्वारा तत्काल कार्यादेश जारी किया गया। इसके तहत आज निर्धारित स्थानों से विद्युत पोलों को शिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू की गई, जिसे एक-दो दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पहल से आम नागरिकों को होने वाली असुविधा समाप्त होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू हो सकेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य पर खुशी जताई है। कलेक्टर मंडला ने भी संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है।

## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



दिनांक 9/4/2026 को 8 वे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्राम पंचायत भावल की आंगनवाड़ी केंद्र सौंडर में सरपंच नोहर समरावी द्वारा सरस्वती पूजन किया गया एवं ग्राम पंचायत मैली के आंगनबाड़ी केंद्र में पंच महोदया श्रीमती रामवती वंशकार द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। ग्राम में रैली निकाली गई एवं सभी को 15 दिवसीय पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया एवं परियोजना अधिकारी संजीव मोहर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं हितग्राहियों को पोषण पखवाड़े के मुख्य घटकों के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें बच्चों को जीवन के शुरुआत 6 वर्षों तक अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता है इसी समय बच्चे का 85% मस्तिष्क का विकास होता है जिसमें परिवार के सभी सदस्यों की भागीदारी रहे एवं बच्चों का अच्छा आहार रहे साथी आजकल बच्चे मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग करने लगे हैं इससे बचने के लिए हमारे पारंपरिक खेल एवं खेलने के लिए बनाए जाने वाले खिलौने के संबंध में जानकारी दी गई जिससे बच्चे का शारीरिक विकास एवं मस्तिष्क विकास दोनों अच्छा हो।

## जिले में 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

**मण्डला।** 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी एवं ग्राम स्तर पर रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया गया तथा सभी को 15 दिवसीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं हितग्राहियों को पोषण पखवाड़ा के मुख्य घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्षों में विशेष देखभाल अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि इसी अवधि में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास होता है। इस अवसर पर दीवारलेखन के माध्यम से भी प्रचार किया गया। कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और बच्चों के संतुलित एवं पौष्टिक आहार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**निरीक्षण** | **जिला शिक्षा अधिकारी ने अपनी टीम के साथ किया निरीक्षण।**

# निजी विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

*** निर्धारित पाठ्य पुस्तकों का ही उपयोग करने निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2025 के प्रावधानों के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकडे, सहायक संचालक श्री एमएस सेन्द्राम एवं एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा भारत ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल मण्डला एवं निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल मण्डला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कक्षाओं में जाकर छात्रों की पुस्तकों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विद्यालय केवल संबंधित बोर्ड या परीक्षा निकाय के अनुसार निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का ही उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही शासन के निर्देशानुसार ए न सी ई आ र टी / एससीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र या अभिभावक को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, टाई, जूते, कॉपी आदि किसी चयनित विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। निरीक्षण के दौरान निजी प्रकाशनों की अधिक मूल्य वाली पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल नहीं करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ''स्कूल बैग पॉलिसी 2020'' के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती वरकडे ने चेतावनी दी कि यदि शासन के निर्देशों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय नियम 2020 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### कक्षा पहली में प्रवेश के लिये शिक्षक कर रहे संपर्क



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस साल बीते हुये 1 अप्रैल से स्कूलों में नया शेक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो चुका है। लेकिन इसके बाद भी जानकारी के अभाव में देखा जा रहा है कि शासकीय स्कूलों की कक्षा पहली में दाखिला लेने हेतु बच्चे अपने अभिभावकों के साथ स्कूल कम संख्या मे पहुँच रहे है। इस स्तिथि के चलते शिक्षक नवप्रवेशी बच्चों के घर घर पहुंचकर उनके अभिभावकों को प्रवेश दिलाने के लिये जहां जागरूक करते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर प्रवेश प्रक्रिया के लिये लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दे रहे है। इस तरह गृह सम्पर्क कर रही शिक्षक श्रीमती निधि साहू ने बताया कि गृह सम्पर्क करने से पालको से सीधा सम्पर्क होता है और वे स्कूल आकर बच्चों का दाखिला कराते है।

### अग्रवाल महिला मंडल का पांच दिवसीय शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में बीते हुये दिनों पांच दिवसीय पिरामिड ध्यान शिविर का आयोजन श्री देव बांके बिहारी जी के मंदिर में 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक किया गया। बताया जाता है कि इस पिरामिड ध्यान शिविर की संचालक श्रीमती रागिनी बिश्नोई ने महिलाओं को इस बात से अवगत कराया गया कि ध्यान कैसे किया जाता है , पिरामिड ध्यान तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। ऊर्जा को बढ़ाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। अग्रवाल समाज की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया । अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल, उपाध्यक्ष कल्पना बंसल, अनुराधा खजांची, सचिव साधना अग्रवाल, सहसचिव प्रीति अग्रवाल, रचना अग्रवाल, संपदा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल सहित अन्य महिलाये मौजूद रही।

### एनटीपीसी में संचालित फ्लाई एश के वाहनों की जांच के दौरान चार वाहनों पर ढोका जर्माना



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र में लगातार बडे वाहनों के चलते घटित हो रही घटनाओं व यातायात में सुधार लाने के लिये बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला परिहवन अधिकारी और उनकी टीम के द्वारा एनटीपीसी गाडरवारा में संचालित फ्लाई एश के वाहनों की अचानक पहुंचकर जांच की गई। इस तरह अचानक अधिकारियों के पहुंचने से जहां वाहन चालको में हडकंप की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पाई थी। वही वाहनों की जांच के दौरान 4 वाहन असुरक्षित परिवहन करते पाए गए। जिसके चलते मौके पर ही इन वाहनों पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके आलवा जिला मुख्यालय से आई हुई टीम द्वारा एक बस वाहन क्रमांक एमपी 20 पीए 0797 बिना परमिट के संचालित होने पर 25 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार उक्त सभी वाहनों पर कुल 42 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### बिजली कर्मचारी को दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ कौड़िया विद्युत वितरण केन्द्र के प्रभारी कनिष्ठ अभियंता द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ड्युटीरत आपरेटर गोविंद पाली के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जीतू ठाकुर निवासी गौड़ीझिरिया एवं आनंद प्रसाद तिवारी निवासी कौड़िया के बिजली बंद होने के कारण कौड़िया विद्युत उपकेन्द्र कौड़िया में आकर स्टाफ के कर्मचारी गोविंद पाली को गंदी गंदी गालियाँ देते हुये जान से मारने की धमकी देने के साथ साथ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई।

# ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ यातायात व गाडरवारा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से मचा हडकंप, आधा दर्जन से अधिक वाहनों नियमों के विपरीत पाये जाने पर किया चालान







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां एक ओर गाडरवारा पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लागातार कार्यवाही करते हुये उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र में जिस तरह वाहन चालकों की मनमानी के नजारे सामने आ रहे थें उसके चलते आम लोगों द्वारा लगातार कार्यवाही की मांग की जा रही थी। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा उप पुलिस अधीक्षक ललित सिंह डागुर के कुशल मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान की टीम तथा यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ओवर लोड़िग दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ अपना डंडा घुमना शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि टीआई अशोक सिंह चौहान व यातायात प्रभारी ममता तिवारी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से नगर के कामती मार्ग आजाद ढ़ाबा के सामने चेक पाईट बनाते हुये देर शाम इस मार्ग से एनटीपीसी से राख का परिवहन करने वाले भारी भरकम डम्फरों के आलवा गिट्टी, रेत सहित अन्य प्रकार के परिवहन में लगे हुये हाईवा डम्फरों की जांच शुरू की किये जाने के दौरान आधा दर्जन से अधिक इस तरह के वाहन पाये गये जिनके पास जरूरी कागज नही है तो किसी के पास नम्बर प्लेट व कुछ वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुये पाये गये। इन वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये लगभग 60 हजार से अधिक की राशि बसूली गई। वही दूसरी ओर वाहनों की जप्त करते हुये आजाद ढ़ावा के सामने खाली पड़ी भूमि पर खड़ा कराया गया है। इस तरह पुलिस द्वारा वाहन चालको की मनमानी के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही के कारण जहां वाहन चालकों में हडकंप की स्थिति देखने मिल रही है तो दूसरी ओर पुलिस द्वारा जप्त किये गये वाहनों के चलते गोल्डन सिटी कालोनी में जप्त किये गये वाहनों का महाकुंभ नजर आने से नही चूक रहा है। ज्ञात हो कि इस तरह की कार्यवाही लगभग सात साल पहले तत्कालीन टीआई संजय दुबे द्वारा की गई थी जिसके चलते भारी भरकम वाहनों की जप्ती से जहां नगर के पुलिस थाने का प्रागंण के आलवा बीटीआई स्कूल परिसर भरने से नही चूक पाया था। कुछ इसी प्रकार की कार्यवाही अब टीआई अशोक सिंह चौहान व यातायात प्रभारी ममता तिवारी द्वारा करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह नशे के हालत में व ओवर लोडिंग वाहन बेलगाम गति से दौड़ने के चलते आये दिन घटनाये सामने आने के कारण क्षेत्र के लोगों द्वारा इन मनमानी पूर्ण वाहनों के खिलाफ ज्ञापन आवेदन देते हुये कार्यवाही की मांग की जा रही थी। आमजन की मांग को ध्यान में रखते हुये गाडरवारा व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मोर्चा खोलते हुये अपना डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है। इस प्रकार से गाडरवारा कामती मार्ग पर पुलिस द्वारा देर शाम शुरू की गई इस कार्यवाही के चलते जहां वाहन चालको में हडकंप की स्थिति देखने मिलने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर अनेक वाहन चैक पाइड पहुंचने के पहले ही सड़को के किनारे खड़े हुये नजर आने से नही चूक रहे थी। इस तरह सांईखेड़ा मार्ग से गाडरवारा की ओर आने वाले मार्ग पर जहां अनेक जगहों पर वाहनों की लाईने लगी हुई दिखाई पड़ रही थी तो कुछ इसी प्रकार का हाल कौडिया मार्ग का देखने मिल रहा था। पुलिस द्वारा वाहन चालको की मनमानी पर नकेल कसने के लिये शुरू की इस कार्यवाही को लेकर आमजन द्वारा प्रसन्नत व्यक्त की जा रही है। वही इस संबंध में जब यातायात प्रभारी ममता तिवारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया कि क्षेत्र में नियमों की अनदेखी करते हुये दौड़ने वाले वाहनों को किसी भी स्थिति में नही चलने दिया जावेगा। इस तरह की कार्यवाही उनके द्वारा लगातार की जावेगी।

## गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी स्थिति में नहीं किया जावेगा स्वीकार-देशमुख

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर में देखा जावे तो क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा आये दिन विकास के लिये नई नई सौगाते प्रदान करते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा नगर के 24 ही वार्डो में विकास के लिये किसी तरह से कोई कमी नही छोड़ रहे है। इसी का परिणाम है कि जहां नगर लगातार



विकास की ओर अग्रसर होते हुये दिखाई दे रहा है। मगर कुछ स्थानों पर विकास कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये विकास कार्य किये जाते है उसके चलते नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों पर सबाल खड़े होने से नही चूकते है..? इस बात को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा विकास कार्यो की गुणवत्ता को लेकर सख्त होते हुये दिखाई देने लगे है। नगर पालिका अधिकारी देशमुख द्वारा सभी निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों से कहा कि नगर विकास में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार से कोई समझौता नही किया जावेगा। जहां पर गुणवत्ता में कोई कमी देखने मिलेगी तो उस निर्माण कार्य को तोड़ते हुये पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जावेगा। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के जगदीश वार्ड में बाबू घोषी से राकेश कुर्मी घर तक बनाये जा रहे नाला निर्माण कार्य को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में तकनीकी अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तो पाया कि नाला निर्माण कार्य गुणवत्ता बिहीन तरीके से किया गया है। जिसके चलते निरीक्षण टीम द्वारा कडा रूख अपनाते हुये गुणवत्ताहीन हुये निर्माण कार्य को तुडवाते हुये पुनः निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इस तरह मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सख्त रवैया के चलते जहां निर्माण कार्य करने वाली निजी कंपनी यानि की ठेकेदारों में हडकंप की स्थिति बनते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर नगर पालिका अधिकारी के मार्ग दर्शन में तकनीकी टीम द्वारा नगर में चल रहे निर्माण कार्यो पर अपनी पैनी नजर रखे हुये दिखाई दे रही है।

# शाम होते ही रेलवे गेट से लेकर कान्हरगांव मार्ग पर जम जाती है शराब खोरी करने वालो की महफिलें, क्षेत्रवासी हो रहे परेशान





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में आसामजिक तत्वों की हरकतों से लोग लगातार परेशान हो ही रहे है। वही दूसरी ओर पुलिस की कार्यप्रणाली पूर्णरूप से सुस्त होने के कारण अपराधिक प्रवृति के लोगों का मनोबल लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यदि गौर किया जावे तो शाम होते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जिस प्रकार से शराबियों की महफिले जम रही है, उसके चलते आम लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पुराने कालेज ग्राउंड सहित पुराना कालेज भवन से लेकर चीचली की ओर जाने वाले मार्ग का रेलवे गेट के पास पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकानों सहित वायपास मार्ग इस समय शराबियों के लिए प्रमुख अड्डा बन चुका है..? वही नगर का नव निर्मित स्टेशन से सोया प्लांट वाला बायपास मार्ग पर शाम होते ही शराबियों की हरकतों से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है? वही बताया जाता है कि रेल्वे स्टेशन से ग्राम कान्हरगांव जाने वाले मार्ग पर शाम होते ही शराबियों द्वारा अपना अड्डा बना लेने के कारण इस क्षेत्र के ग्राम कान्हरगांव, महगंवा कला, महगंवा खुर्द सहित अन्य गांवो लोग जब देर शाम इस मार्ग से गुजरते है तो इन शराबियों द्वारा ग्रामीणों के साथ अभद्रता करते हुए परेशान किया जाता है, जिसमें अक्सर देखा जाता है कि जब शाम के समय क्षेत्र के लोग यदि किसी ट्रेन से उतर कर अपने गांव परिवार के साथ जाते है तो इन शराबियों की हरकतों के चलते महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें खुलेआम अपमानित करने से नही चूकते है? इनता ही नही कभी कभी तो यह स्थिति तक देखने मिलती है कि कुछ मनचले युवकों द्वारा जहां महिलाओं के साथ छेड़खानी तक कर दी जाती है वही लोगों से रूपया तक छीनने की चर्चा सुनने में आने लगी है..? बताया जाता है कि इन लोगों द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों से पैसा छीनने के बाद उन्हें खुलेआम धमकी दी जाती है कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो ठीक नही होगा। इस डर के चलते जहां ग्रामीणों द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायते करने की हिम्मत नही जुटा पाते है? वही दूसरी ओर स्टेशन से ग्राम कान्हरगांव जाने वाले मार्ग पर शाम होते ही इन शराबियों की महफिले जमने के कारण क्षेत्र के लोग दहशत में आने के कारण इस मार्ग से निकलने में तक दहशत में दिखाई देने लगे है। इस प्रकार से खुलेआम इन असामाजिक तत्वों की हरकतों से लोग परेशान हो रहे है। मगर पुलिस द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है? यदि पुलिस चाहे तो शाम के समय अचानक गस्त मारते हुए इन शराबियों की हरकतों से स्वयं देख सकती है। मगर पता नही पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कदम क्यों नही उठाया जा रहा है? इस प्रकार से देखा जा रहा है कि ग्राम कान्हरगांव स्टेशन मार्ग सहित नगर के वायपास मार्ग व नगर के अन्य जगहों पर लगातार बढ़ रही शराबियों की हरकतों के चलते क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, शाम के समय शराब पीने के बाद इन लोगों द्वारा मुख्य सड़क पर कांच की बोतले फोड देने के कारण सुबह स्कूल आने वाले छात्र छात्राओं को उन टूटे कांचो से घायल तक होना पड़ रहा है, अनेक बार तो देखा जाता है कि टूटे पड़े इन कांच के टुकड़ो से सुबह की पारी में स्कूली बच्चों की साईकिले पंचर होने के कारण उन्हें परेशान होते हुये देखा जाता है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चीचली में प्राचीन बावड़ी का हो रहा जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन का कार्य





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद चीचली में स्थित प्राचीन बावड़ी का सामुदायिक सहभागिता से श्रमदान के माध्यम से जीर्णोद्धार एवं पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद चीचली के ऐतिहासिक बावड़ी को पुनर्जीवित करने का कार्य स्थानीय जनसहयोग से प्रारंभ किया गया है। श्रमदान के माध्यम से बावड़ी की साफ-सफाई, दीवारों की मरम्मत एवं जल संचयन क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य में मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था माही समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष चौरसिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भामका की अध्यक्ष श्रीमती नीरू राजपूत, विकास खंड समन्वयक स्मिता दांडे सहित समस्त परामर्शदाताओं और स्थानीय नागरिक अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर नागरिकों को प्रेरित करते हुए बताया कि बावड़ी के पुनर्जीवन से वर्षा जल का प्रभावी संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और आसपास के क्षेत्रों में जल की उपलब्धता बेहतर हो सकेगी। साथ ही यह प्रयास लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यहां के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार के कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सामुदायिक सहभागिता से किया जा रहा यह कार्य समाज में सहयोग, सहभागिता और जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है। जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित रूप से भविष्य में क्षेत्र को जल संकट से राहत दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे और अन्य स्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।

## संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते लाखों की शासकीय संपत्ति को पहुंच रही क्षति, जिम्मेदार कर रहे नजरअंदाज





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां ओर सरकार द्वारा आम लोगों की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुये शासकीय धन राशि को खर्च करते हुये व्यवस्थाएं तो बनाई जाती है, मगर संबंधित विभाग द्वारा उस शासकीय संपत्ति को नजर अंदाज किये जाने के कारण यह सरकारी संपत्ति या तो क्षतिग्रस्त हो जाती है या फिर चोरों की नजर पड़ने के कारण गायब होने से नही बच पाती है । कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र की मुख्य सड़कों के किनारे जिस प्रकार से सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये एल्युमिनियम की रैलिंग लगाई गई थी जिससे वाहन चालकों को सुरक्षा के साथ साथ सड़को को सुन्दरता प्रदान करने से नही चूक रही है। मगर संबंधित विभाग द्वारा बरती जा रही उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये बनाई गई इस रैलिंग को जहां रातो रात गायब करने में चोरों द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, वही दूसरी ओर इस संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ पुलिस व संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने के कारण लगातार क्षति पहुंचाई जा रही है जिसका परिणाम इस प्रकार से देखा जाने लगा है कि वाहन चालक सड़को पर पूर्णरूप से असुरक्षा महसूस करने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग पर देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि यह मार्ग राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण जहां दिन भर इस मार्ग पर हजारों की संख्या में छोटे बडे वाहनों का निकलना होता है, जिसके चलते नगर के शक्कर नदी पुल से शासकीय महाविद्यालय की ओर जाने वाले क्षेत्र में सड़क किनारे नीचले भाग में बने हुये आवासों में निवास करने वाले लोगों को सदा ही इस बात का भय सताते रहता था कि रैलिंग विहीन इस मार्ग पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। क्योंकि यहां पर रहने वाले लोगों को बीते हुये कुछ वर्ष पहले आधी रात को जब एक ट्रक अनियंत्रित होते हुये एक मकान पर जा गिरा था तो उस मकान में सो रहे एक ही परिवार की चार सदस्यों की सड़क से कूंदकर गिरे हुये ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी उस मंजर का याद करते हुये ही लोगों का दिल दहल जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये शासन प्रशासन से इस मार्ग पर रैलिंग की मांग की गई थी जिसके चलते सरकार द्वारा यहां पर रैलिंग लगाते हुये सुरक्षा तो प्रदान कर दी गई थी। मगर कुछ समय पूर्व यहां पर एक भारी भरकम ट्रक द्वारा इस रैलिंग को तोड़ने के बाद ट्रक मालिक अपने ट्रक को ले गया और शासन की क्षतिग्रस्त हुई संपत्ति को ज्यो का त्यो छोड़ दिया गया जिसके चलते रैलिंग विहीन हुये इस क्षेत्र के लोगों में दहशत देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर यहां पर टूटी पड़ी हुई रैलिंग भी लगातार चोरी होते हुये दिखाई देने लगी है। इस सच्चाई की ओर न तो संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस द्वारा इस शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना उचित समझा जा रहा है जिसके चलते यहां पर निवास करने वाले लोगों की जिन्दगी असुरक्षित दिखाई देने से नही चूक पा रही है।

## ग्राम खुर्सीपार में गौवंश के लिए चलाया गया विशेष टीकाकरण अभियान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मूक पशुओं को अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव को ध्यान में रखते हुये जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में विकास खंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुर्सीपार स्थित सर्वदेव निवासिनी गौशाला में निःशुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बेगा एवं खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग की रोकथाम के लिए 46 देशी नस्ल की गायों का टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गिर एवं साहिवाल नस्ल की गायों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस दौरान गौपालकों से अपील की गई कि वे शासन की निःशुल्क योजना का लाभ लेकर समय पर टीकाकरण कराएं, जिससे पशुधन सुरक्षित रह सके। इस दौरान डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. आईपी प्रजापति सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# वन ग्राम कुटेलीदादर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम






**डिंडौरी।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया के वन ग्राम कुटेलीदादर में सड़क निर्माण न होने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को जबलपुर अमरकंटक मार्ग पर चक्का जाम किया। यह प्रदर्शन सुबह लगभग 10 बजे शुरू हुआ जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज धूप और उमस के बीच छोटे बच्चे महिलाएं और बुजुर्ग सड़क पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर डटे रहे।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया गया। निर्माण कार्य के दौरान एक पुलिया को उखाड़ दिया गया जिससे आवागमन और कठिन हो गया। बरसात के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता है। कीचड़ और खराब रास्तों के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी होती है और बीमार लोगों को समय पर अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर वे कई बार प्रशासन के समक्ष शिकायत कर चुके हैं और जनसुनवाई में आवेदन भी दिए गए लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला। मानसून आने में महज दो महीने शेष होने के कारण ग्रामीण भय में थे कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। करंजिया तहसीलदार बजाग एसडीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कर्मचारी वन विभाग के डीएफओ बजाग पुलिस गाड़ासरई और करंजिया थाना पुलिस मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर ठोस और लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा चक्का जाम समाप्त नहीं होगा।

करीब चार घंटे तक चला यह चक्का जाम दोपहर लगभग 2 बजे समाप्त हुआ जब डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम मौके पर पहुंचे। विधायक के पहुंचते ही ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं और कहा कि गांव की सड़क वर्षों से खराब है और प्रशासनिक उदासीनता के कारण समस्या का समाधान नहीं हुआ।विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि उनकी मांग जायज है। उन्होंने मिशन सच्चाई की बात करते हुए आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थिति का तुरंत जायजा लेने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके बाद ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक प्रशासनिक अधिकारी और विभागीय कर्मचारी गांव पहुंचे और सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा और आवश्यक प्रक्रियाएं तुरंत पूरी की जाएंगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।चक्का जाम समाप्त होने के बाद यातायात बहाल हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन द्वारा किया गया वादा समय पर पूरा नहीं हुआ तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### नल जल योजना के संचालन व संधारण हेतु पंप ऑपरेटरों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**अनूपपुर।** विकासखंड पुष्पराजगढ़ के जनपद कार्यालय सभागार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के ग्रामों में संचालित नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण हेतु पंप ऑपरेटरों का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पंप ऑपरेटरों को योजना संचालन और संधारण संबंधी समस्त जानकारी दी गई। इस दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिवों पर शास्ति अधिरोपित करने के दिये निर्देश

**कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय-सीमा बीत जाने के बाद भी जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन के लंबित पड़े 14 आवेदनों पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये आवेदनों को लंबित रखने वाले पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। लोक सेवा गारंटी पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलाज, थनौरा, रैपुरा, खिरहनी में जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु एक-एक आवेदन लंबित है। इसी प्रकार मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत निटर्रा और बड़वारा में एक-एक जबकि ग्राम पंचायत परसेल में दो आवेदन लंबित है। इसके अलावा ग्राम पंचायत धवैया, बरहटा, थनौरा और तिघराकला में विवाह पंजीयन के एक-एक जबकि निटर्रा में दो आवेदन लंबित है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को लंबित पड़े प्रकरणों को 'स्वप्रेरणा' से अपील में लेकर अधिनियम की धारा 07 के तहत पदाभिहित अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित करते हुए 7 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### श्रमिक प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना का उठाए लाभ

**अनूपपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना प्रारंभ की गई है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बुढ़ापे का मजबूत सहारा होगी इस योजना के माध्यम से 60 वर्ष की आयु के बाद हर महीने इस योजना के पंजीकृत श्रमिकों को निश्चित पेंशन रुपए 3 हजार की पेंशन प्राप्त होगी इस योजना के तहत बराबर का योगदान जितना आप जमा करेंगे भारत सरकार उतना ही जमा करेगी पारिवारिक सुरक्षा लाभार्थी की मृत्यु के बाद नामिनी को 50 प्रतिशत पेंशन का लाभ प्राप्त होगा इस संबंध में आप अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर मानधान पोर्टल पर श्रमिक स्वयं को रजिस्टर करा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष के बीच के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार या उससे कम हो उठा सकेंगे श्रमिक ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं होना चाहिए। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बचत बैंक खाता या जनधन खाता, आईएफएससी कोड के साथ तथा मोबाइल नंबर आवश्यक है।

# विकासखंड बजाग के ग्रामों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**डिंडौरी ।** डिंडोरी जिले के विकासखंड बजाग के विभिन्न ग्रामों का कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।ग्राम सरवाही में कलेक्टर ने हथकरघा लूम जल संचय के लिए सोकपिट निर्माण आंगनवाड़ी केंद्र प्रधानमंत्री आवास रंगमंच भवन और पुराने भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने हथकरघा संचालक गंगू दास लोरिया को स्थानीय स्तर पर साड़ी निर्माण के लिए भवन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों से संवाद कर उनके शिक्षा स्तर की जानकारी ली और कार्यकर्ता को बच्चों की देखभाल और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्यम मंदिर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवाही का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इसके बाद पीएम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन में कंप्यूटर कक्ष और प्राचार्य कक्ष का अवलोकन किया। विद्यालय में 100 विद्यार्थियों में से केवल 32 की उपस्थिति मिलने पर प्राचार्य दुलारी मोगरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।ग्राम सिंगपुर में कलेक्टर ने एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया। यहां बुधवारिया बाई यादव और शक्ति बाई द्वारा आम आंवला नींबू जामुन और अनार के पौधे लगाए गए हैं जिनकी देखरेख के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना की और पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा।ग्राम पंचायत सिंगपुर में ग्रामीणों ने पानी और बिजली की समस्या रखी। इस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि कार्य परीक्षण चरण में है। कलेक्टर ने सरपंच को निर्देश दिया कि कार्य पूर्ण होने तक हैंडओवर न लिया जाए और ठेकेदार आर के गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। तालाब निरीक्षण के दौरान सरपंच और सचिव को घाट निर्माण और साफ सफाई के निर्देश दिए गए।ग्राम पंचायत आमाडोंगरी में छोटी बाई द्वारा लकड़ी से बनाए जा रहे हस्तशिल्प कार्यों का निरीक्षण किया गया। उर्मिला टेकाम के मुर्गी पालन कार्य को भी देखा गया और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यहां पानी की टंकी और मशरूम उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया गया तथा जनपद पंचायत कार्यालय के नवीन भवन का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम अक्षय डिगरसे सीएमएचओ मनोज पांडेय एनआरएलएम अर्पणा पांडेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अमरपुर विकासखंड में कलेक्टर का निरीक्षण जल संरक्षण और आजीविका गतिविधियों पर जोर



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के अमरपुर विकासखंड के ग्राम भाखा रैयत और झिलमिला में विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं का निरीक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जल संरक्षण आजीविका संवर्धन और स्वावलंबन से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।ग्राम भाखा रैयत में कलेक्टर ने सोखपीट और हितग्राही रामप्रसाद के यहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इसके बाद मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। समूह की प्रदान दीदी ने वर्ष 2020 21 से शुरू किए गए कार्यों की जानकारी दी जिसमें पानी प्रबंधन के लिए सामुदायिक प्रयास शामिल रहे। समूह की 13 महिलाओं ने मिलकर जल उपयोग की व्यवस्था विकसित की और पाइप से पानी लेने पर प्रति घंटे 40 रुपये तथा बिना पाइप के 30 रुपये शुल्क निर्धारित कर आय का स्त्रोत बनाया गया जिसे स्वावलंबन की दिशा में सराहनीय पहल बताया गया। इसके बाद सामाजिक मानचित्र के माध्यम से ग्राम की संरचना संसाधनों और योजनाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान जल शक्ति कैच द रेन अभियान 2026 के तहत जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए हर बूंद बचाने का संदेश दिया गया।ग्राम में जैविक खाद निर्माण मुर्गी पालन इकाई और बहुउद्देशीय खेती जैसी आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण कर उन्हें मजबूत करने के निर्देश दिए गए।ग्राम झिलमिला में कलेक्टर ने सोखपीट और एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत विकसित बगिया का निरीक्षण किया। यहां दुलारिया बाई द्वारा लगाए गए आम नींबू आंवला अमरूद और केले के पौधों का अवलोकन कर उनके संरक्षण और विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया गया।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल संरक्षण आजीविका और हरित पहल से जुड़े कार्यों को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए ताकि गांव आत्मनिर्भर बन सकें और योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत अमरपुर के अधिकारी सीएमएचओ मनोज पांडेय एनआरएलएम अर्पणा पांडेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



**डिंडौरी।**मेकलसुता वेलफेयर एसोसिएशन डिंडौरी द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मेकलसुता कॉलेज डिंडौरी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा उनकी दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव लाने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य तिवारी जी एवं समस्त प्राध्यापकगण का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था की ओर से छबील सिंह बिलागार ब्रजलाल क्षीरसागर एवं रामप्रसाद विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जिससे उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराना रहा। अंत में संस्था द्वारा सभी सहयोगियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# समनापुर विकासखंड के ग्राम लदवानी और मानिकपुर में निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**डिंडौरी ।** डिंडोरी जिले के विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लदवानी और मानिकपुर में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सोकपीट निर्माण प्रधानमंत्री आवास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम पंचायत भवन सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।इस दौरान ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल की समस्या से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण कर पौधों के संरक्षण और देखभाल पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास राशन कार्ड और उज्ज्वला गैस योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ मनोज पांडेय एनआरएलएम अर्पणा पांडेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जल-गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत अमरपुर में जल स्रोत सेवा समागम आयोजित



**डिंडौरी ।** जिले के विकासखंड अमरपुर में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जल-गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान तथा ब्लॉक समन्वयक अमरलाल धुर्वे की उपस्थिति में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान सैंडबैग चेकडैम का कार्य किया गया। यह गतिविधि चयनित नवांकुर संस्था जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति समनापुर रैयत के तत्वाधान में संपन्न हुई।
सेक्टर क्रमांक 03 चांदपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर के ग्राम अमगांव में सरपंच अमृत सिंह परस्ते तथा रोजगार सहायक मनोज शुक्ला की उपस्थिति में 58 बोरियों से बोरी बंधान कर जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार मरावी अरविंद कुमार यादव गणेश केवट सहित प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मेंटर्स मनोज तंतुवाय लाल सिंह ठाकुर तिलक सिंह सैयाम राधेश्याम बनवासी एवं नीतू मरकाम की सक्रिय सहभागिता रही।इस अवसर पर छात्र छात्राओं और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण के महत्व को समझा तथा जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों के प्रति जागरूक किया गया जिससे क्षेत्र में जल उपलब्धता को मजबूत किया जा सके।

# प्राकृतिक खेती से किसानों का पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम



**डिंडौरी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के माध्यम से जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिसंबर 2024 से शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर खेती करने की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ खेती की लागत कम हो और आय में वृद्धि हो सके।जिले के अधिकांश किसान पहले से ही जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत 6,250 किसानों को जोड़ा गया है और लगभग 2,500 हेक्टेयर (6,250 एकड़) क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसके अलावा 50 क्लस्टर तैयार किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक क्लस्टर में 125 किसानों को सम्मिलित किया गया है।क्लस्टर आधारित गांवों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शन, बायो-रिसोर्स स्थापना, प्रमाणन की प्रक्रिया तथा उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।इसी क्रम में ग्राम पंचायत अलोनी में कृषक कमला यादव, उत्थान सेवा समिति के गणेश केवट, ग्राम जल्दामुड़िया की महिला किसान सुशीला धुर्वे तथा पड़रिया की महिला किसान रश्मि मिश्रा सहित अन्य किसानों को बीआरसी यूनिट और डाइजेस्टर वितरित किए गए।योजना से लाभान्वित किसानों ने कृषि विभाग के प्रति आभार जताते हुए अन्य किसानों से भी प्राकृतिक खेती अपनाकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# विक्रमपुर पुलिस की कार्रवाई अवैध शराब बरामद दो आरोपियों पर मामला दर्ज



**डिंडौरी।** विक्रमपुर पुलिस चौकी द्वारा अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया अभियान के तहत ग्राम आनाखेड़ा विक्रमपुर में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई जहां से दो आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।पुलिस ने मौके पर नीलेश साहू और आनंद कुमार के कब्जे से अंग्रेजी गोवा शराब के 49 क्वार्टर तथा अंग्रेजी मसाला शराब के 50 क्वार्टर बरामद किए। इस तरह कुल 99 क्वार्टर यानी 17.820 लीटर शराब जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 11 हजार 572 रुपए बताई गई है। आरोपियों के पास शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अतुल हरदहा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक खेमराज गायग्वाल आरक्षक रिंकू मरावी आरक्षक संतलाल सैयाम आरक्षक राजकुमार कोरचाम तथा विशेष सहयोगी दस्ता के सदस्य मनमोहन राजपूत आशुतोष पडवार और ग्राम रक्षा समिति के संतोष गोसाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला प्रशासन की पहल से तेलंगाना से छुड़ाए गए 26 मजदूर घर लौटे



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**जिला प्रशासन की सक्रिय पहल और एक स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से तेलंगाना के भद्राद्री जिले में फंसे 26 मजदूरों को सुरक्षित छुड़ाकर गुरुवार को डिंडौरी वापस लाया गया। करीब तीन महीने बाद घर लौटे मजदूरों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई।वापसी के बाद सभी मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही उन्हें लगभग 5 लाख 96 हजार रुपए की बकाया मजदूरी का भुगतान भी दिलाया गया जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली।इस मामले की शुरुआत 31 मार्च की जनसुनवाई से हुई जब मजदूर लखन मरावी की बेटी रोशनी ने कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया से अपने पिता सहित अन्य मजदूरों को वापस लाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल श्रम राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।जानकारी के अनुसार मेहंदवानी जनपद पंचायत के ग्राम सुखलोंडी पिंडरुखी और धनगांव के मजदूर 10 जनवरी को ठेकेदारों के साथ मिर्ची तोड़ने तेलंगाना गए थे। निर्धारित समय पूरा होने के बाद भी उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही थी और न ही घर लौटने दिया जा रहा था। परेशान मजदूरों ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सभी को सुरक्षित वापस लाया गया।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मजदूरों से अपील की है कि वे अधिक मजदूरी के लालच में दूसरे राज्यों में जाने से बचें और किसी भी ठेकेदार के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि जिले में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं और पात्र मजदूरों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महाराज श्री का आगमन 22 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 22 अप्रैल को शाम 5 बजे पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम आशीर्वाद वचन देंगे। उनके आगमन को लेकर सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की सामाजिक एवं वैवाहिक पत्रिका के विमोचन, पादुका पूजन एवं आशीर्वचन हेतु अनंत श्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के 22 अप्रैल को आगमन को लेकर कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट की उपस्थिति मे आयोजित की गई। पूर्व विधायक संजय शर्मा जी के साथ बैठक कर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की उन्होंने आश्वासन दिया कि वे पूर्ण सहयोग करेंगे एवं शंकराचार्य महाराज के स्वागत पूजन अर्चन, मंच व्यवस्था अतिथि सत्कार पर योजना बनाई गई। इस अवसर पर सरला पांडे,अरूणा दुबे, शालिनी दुबे, प्रवीणा गोस्वामी, पूर्णिमा शुक्ला,नीरा बुधौलिया, नंदिता चौबे, मंजुलता पांडे,सपना शर्मा, संचिता दुबे,कविता दुबे, मंजू दुबे,नीता भारद्वाज, कीर्ति पालीवाल,सोनल दुबे, श्रेया पांडे ने अपनी बात रखी।बैठक में सनातन ब्राह्मण समाज से पधारे विप्र बंधु राकेश दुबे, नवीन पांडे एवं नीटू सोनकिया ने सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### कलेक्टर ने सहकारी बैंक शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती रजनी सिंह ने सहकारी बैंक नरसिंहपुर के शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कर मार्च 2026 के वित्तीय आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में किसानों को बेहतर और समयबद्ध बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ऋण राशि की वसूली की प्रक्रिया में तेज लाई जाए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सहज रूप से ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करें, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो सके।

### समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार केटले का निधन



**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्रकुमार केटले (राजूभाई) का लगभग 62 वर्ष की आयु में अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे न्यूज एजेंसी संचालक गोविंदप्रताप एवं नरेंद्र प्रताप केटले के भ्राता थे।

## विरोध प्रदर्शन कर लगाए नारे

# कांग्रेजनों ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गुरुवार को जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने किसानों के अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए नरसिंह भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। जिला कांग्रेस ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को किसानों की कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान भी उपस्थित रहे। अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि नरसिंहपुर जिला एक कृषि प्रधान जिला है, जहां के किसान लंबे समय से कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। कांग्रेस ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

### समर्थन मूल्य खरीदी की रखी मांग

ज्ञापन में गेहूं खरीदी में हो रही देरी को तत्काल दूर कर खरीदी शुरू करने की मांग की गई। इसके साथ ही गेहूं एवं चना की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने और किसानों को समय पर भुगतान करने की बात कही गई। कांग्रेस ने सभी खरीदी केंद्र तुरंत शुरू करने, बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था करने और गेहूं खरीदी की लिमिट समाप्त करने की भी मांग की। जिन किसानों ने सोसाइटी का भुगतान नहीं किया है, उनकी अंतिम तिथि बढ़ाने का आग्रह किया गया। मूंग और मसूर की फसलों की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग की गई।



### किसानों को ऋण मुक्त करने की मांग

किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ कर उन्हें ऋणमुक्त करने, बिजली विभाग द्वारा वसूली के नाम पर किसानों के साथ हो रही प्रताड़ना बंद करने, महंगाई पर नियंत्रण करने और गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने आरोप लगाए कि किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ष्डबल इंजन सरकारष होने के बावजूद हालात बिगड़ते जा रहे हैं और किसानों के बीच असंतोष बढ़ रहा है।

### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और आमजन के साथ अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उक्त मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीवान शैलेंद्र सिंह, मीना शाह, चांदनी दीक्षित, रूद्रेश तिवारी, जिनेश जैन, संतोष पटेल, दिग्विजय सिंह, छोटे राजा भैया कौरव, ठाकुर कपिल सिंह, लखन पटेल, सतीश सेनी आदि ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए सरकार को किसान युवा विरोधी बताया। साथ ही कहा कि महंगाई और बेरोजगारी हर घर को परेशान किए हुए है। नरसिंह भगवान के समक्ष धरना सभा का संचालन अजय दुबे द्वारा किया गया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतियोगिता आयोजित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी तथा सह प्रभारी प्रो. प्रीति कौरव के मार्गदर्शन में तथा दलनायिका मनीषा राजपूत एवं सह दलनायिका गरिमा पाण्डेय के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छात्रा इकाई द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टर प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु नोरिया, द्वितीय स्थान अंजली चैधरी, तृतीय स्थान साक्षी रजक तथा चतुर्थ स्थान पिंकी मेंहरा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उमंग क्लीनिक से हेल्थ काउंसलर श्रीमती मृदुला सोनी एवं स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानी कुमारी, सह प्रभारी प्रो प्रीति कौरव, श्रीमती कल्पना साहू उपस्थित रहीं। इस अवसर पर श्रीमती मृदुला सोनी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। युवाओं को तनाव से दूर रहकर सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोगों से बचाव ही सबसे बेहतर उपचार है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं जागरूकता अपनाकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में कार्यक्रम का औपचारिक आभार दलनायिका मनीषा राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में दीक्षा वर्मा, यशिका सोनी, मुस्कान बी, शिखा साहू, साक्षी रजक, तनु नौरिया, अंजली चैधरी, हेमलता, अंजलि जाटव, किरण मेहरा आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## उत्कृष्टता के लिए बबीता पटेल सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला महिला बाल विकास के अंतर्गत ग्राम शाहपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बबीता पटेल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पत्रकार फाउंडेशन एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं अन्य अतिथि गणमान्यजनों की विशेष उपस्थिति में बबीता पटेल को साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि शाहपुर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बबीता पटेल इसके पहले भी उत्कृष्ट कार्य एवं अपनी सक्रियता के लिए पुरस्कृत सम्मानित हो चुकी है। बबीता पटेल आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों को समय सीमा में कर योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पहुंचती हैं। यही कारण है कि उनका चयन इस सम्मान के लिए किया गया। वहीं बबीता पटेल ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आठवां पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलेगा।

## समाधान योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, लगा शिविर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के द्वारा चलाई जा रही समाधान योजना अंतर्गत नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत ने विभाग के संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि 30 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन कर उपभोक्ताओं को लाभान्वित करें। इसे लेकर गुरुवार को नरसिंहपुर संचा संधा संभाग अंतर्गत डांगीढाणा वितरण केन्द्र के गोरखपुर मुख्यालय के मेहगांव में समाधान योजना अंतर्गत शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 100 बकायादार उपभोक्ताओं पर 2 लाख रुपए की राशि बकाया थी जिसमें मौके पर 20 उपभोक्ताओं के द्वारा 28 हजार रुपए की राशि जमा करवाई गई नरसिंहपुर संचा संधा संभाग के कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने सभी वितरण केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि समाधान योजना अंतर्गत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें समाधान योजना 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत राशि जमा करवा लेवे अन्यथा हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। शिविर में वितरण केन्द्र प्रभारी संदीप यादव, लाइन परिचारक सौरभ चौकसे , ब्रह्मा स्त्रोत कर्मचारी अनुज यादव ,पूनम पटेल, राजेश रजक मीटर रीडर , सरपंच मनोहर धुर्वे के अलावा ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

## एसडीएम के निरीक्षण में खुली अस्पताल व्यवस्थाओं की पोल



**गोटेगांव।** शासकीय अस्पताल की चरमराई व्यवस्थाओं को सुधारने के उद्देश्य से एसडीएम संघमित्रा गौतम ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से अस्पताल स्टाफ में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रसूति कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल परिसर में फैली गंदगी, अव्यवस्था और अनियमितताओं को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की।

अस्पताल परिसर में अवैध पार्किंग और निजी एंबुलेंसों के जमावड़े पर भी एसडीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संचालकों को फटकार लगाई। लंबे समय से अस्पताल परिसर में खड़ी रहने वाली निजी एंबुलेंसों के कारण मरीजों और परिजनों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अतिक्रमण पर कार्रवाई को लेकर सवाल


निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में फैले अतिक्रमण का मुद्दा भी सामने आया। इस संबंध में एसडीएम ने कहा कि अस्पताल की बाउंड्री वॉल निर्माण के बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं, बीएमओ द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जाने की जानकारी भी दी गई।हालांकि, अतिक्रमण हटाने को बाउंड्री वॉल निर्माण से जोड़ने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमों के अनुसार निर्माण कार्य से पहले स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया जाना आवश्यक होता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में समाधान को भविष्य पर टालने जैसी स्थिति नजर आ रही है।

### सुधार की उम्मीद

कुल मिलाकर एसडीएम का फील्ड पर पहुंचकर निरीक्षण करना सराहनीय कदम माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं में कितना सुधार होता है और अतिक्रमण व अव्यवस्थाओं पर कब तक प्रभावी कार्रवाई की जाती है।

## अभिभावकों की जेब पर 'सर्जिकल स्ट्राइक', निजी स्कूलों की मनमानी जारी

**गोटेगांव। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक खासे परेशान हैं। शिक्षा के नाम पर महंगी किताबें अनिवार्य कर स्कूल संचालक और निजी पब्लिशर्स के बीच सांठगांठ के आरोप लग रहे हैं, जिससे अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।**




जानकारी के अनुसार, कई निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की सस्ती और मानक पुस्तकों को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें चलायी जा रही हैं। अभिभावकों का आरोप है कि इन किताबों पर स्कूल संचालकों को 50 से 55 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, जिसके चलते हर वर्ष नई पुस्तक सूची जारी कर दी जाती है। स्थिति यह है कि प्री-नर्सरी से लेकर प्राथमिक कक्षाओं तक के बच्चों के लिए भी ढाई हजार से साढ़े तीन हजार रुपए तक की किताबें खरीदना अनिवार्य किया जा रहा है। मजबूरी में अभिभावक यह खर्च उठाने को विवश हैं।

एक अभिभावक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, "बच्चा पढ़ाई के लिए स्कूल जा रहा है या किसी बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी के लिए, यह समझना मुश्किल हो गया है। किताबों की कीमत आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है।" गोटेगांव सहित नरसिंहपुर जिले में शिक्षा विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विभाग द्वारा समय-समय पर निर्देश तो जारी किए जाते हैं, लेकिन निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

अभिभावकों ने जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले में ठोस और सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि शिक्षा के नाम पर हो रही आर्थिक शोषण की प्रवृत्ति पर रोक लग सके।

## पंचकुडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम बंधी में पंचकुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ का आज विशाल कलश यात्रा के साथ में शुभारंभ हुआ। ग्राम के सभी वर्गों के सनातन धर्मावलंबी महिला पुरुषों क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पधारे श्रद्धालु जनों, यज्ञ के विद्वान ब्राह्मणों के साथ बाजे गाजे सनातनी जयघोष के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस यज्ञ के यज्ञाचार्य हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी यजमानों का प्रायश्चित्त कराया गया जिसमें दसविध स्नान प्रायश्चित्त हवन और विशाल कलशयात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। विश्व शांति विश्व कल्याण के उद्देश्य से गणेश आदि पंचांग पूजन के बाद सभी विद्वानों और यजमानों के द्वारा यज्ञ मण्डप में प्रवेश किया। कथा व्यास शिव ओम कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भागवत माहात्म्य की कथा के साथ साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने दिनांक 8अप्रैल से 14अप्रैल तक आयोजित पंच कुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ और साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होने की सभी क्षेत्र वासियों से अपील है।

# चोरों की पुलिस को खुली चुनौती

**दूसरे दिन भी इमझिरा स्थित हनुमान मंदिर से ले गये आंखें निकालकर**

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में काफी लंबे समय से बंद सिलसिले बार चोरियों की बारदातों ने फिर से अपने पैर लिये है इस तरह की घटनाओं से जहां लोगों में असुरक्षा की भावना निर्मित हो रही है वहीं पुलिस के लिए भी यह विषय चुनौती पूर्ण हो गया है। सोमवार से छुटपुट जारी इस क्रम में मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में छत्र और मुकुट चोरी किये वहीं श्री सुब्रतनाथ भगवान के नवीन जिनालय में ताले तोड़ने की घटना को अंजाम दिया था। ऊपर बैठे पुलिस अधिकारियों से लेकर तेंदूखेड़ा और आस पास पुलिस थानों की पुलिस साक्ष्यों के आधार पर दिन भर कार्यवाही में जुटी रही इसी बीच चोरों ने फिर धावा बोलकर बुधवार गुरुवार की रात्रि में ग्राम इमझिरा में कंकाली मठ के आगे स्थित हनुमान मंदिर में जाकर मूर्ति की आंखें ही निकाल कर ले गए हैं। वहीं तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर ऊमरपानी के निकट पंच मुखी हनुमान मंदिर से भी सी एफ एल निकालकर ले गये हैं।इस तरह चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष व्याप्त है। और इन चोरों को शीघ्र पकड़े जाने को लेकर अब सड़कों पर उतरने योजना बना रहे हैं।



### बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की जरूरत

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की बाढ़ सी आ गई है।जो बगैर किसी जानकारी या मुसाफिरी लिखाये ही नगर में धड़ल्ले से घूम रहे हैं। बहुत से निर्माण कार्यों और खदानों में ठेकेदारों के लोग डेरा लेकर बैठें हैं।इन छोटी-छोटी गतिविधियों पर ध्यान दिये जाने की महती आवश्यकता है।कभी मोटरसाइकिल तो कभी गाड़ियों में सामग्री बेचने के बहाने नगर के बाहर डेरा डाल कर रहने वाले इन अंजानों पर भी पैनी नजर रखने की जवाबदेही पुलिस की तो है ही लेकिन हमारे भी दायित्व है कि हर गतिविधियों पर नजर रखें। और संदिग्धों की तत्काल जवाबदार पक्षों को सूचित करें। क्षेत्र में कृषि उपज तैयार होकर किसान अपनी जरुरतों के हिसाब से बेचकर काम करेगा ग्रामीण क्षेत्रों में अजनबी लोग रातों रात घटनाओं को अंजाम देंगे ऐसा पिछले वर्षों में हुआ भी है। किसानों के घरों से लाखों रुपए और जेबर उड़ाये भी हैं।

### केवल दिखावा सिद्ध हो रहे सीसीटीवी कैमरे

सुरक्षा की दृष्टि और अजनवी व्यक्तियों पर नजर रखने की दिशा में तीसरी आंख की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन यहां पर यह व्यवस्था केवल दिखावा ही साबित हुई है। विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे केवल और केवल देखने के लिए ही लगाये गये हैं इनसे अभी तक कोई उचित लाभ नहीं मिल सका है। नगर में होने वाली सुरक्षा और शांति समीति की बैठकों में सी सी टी वी कैमरों को लगाने व्यापारी वर्ग को बोला भी जाता है लेकिन बात आई गई हो जाती है। और जब समस्या सामने आती है तो बड़ी बड़ी बातें नये सिरे से होने लगती हैं।


**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर**

क्रमांक/153/म.ज.प./2026 — **विज्ञप्ति** — नरसिंहपुर दिनांक 09.04.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत निम्नानुसार जलाशयों 10 वर्षीय पट्टे पर दिये जाने हेतु मछुआ समिति समूहों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है आवेदन में प्राथमिकता बंशानुगत पंजीकृत मछुआ समिति पंजीकृत आदिवासी सहकारी मछुआ समिति पंजीकृत अनुसूचित जनजाति सहकारी मछुआ समिति पंजीकृत सहकारी पिछडा वर्ग मछुआ समिति पंजीकृत सहकारी सामान्य समिति पंजीकृत स्व सहायता समूह समूह को वरीयता क्रम में प्राथमिकता प्रदान की जाऐगी । आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22-04-2026 आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ कार्यालय में प्रस्तुत करें अधूरे / अपूर्ण आवदनों पर काई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्रं. | जलाशय का नाम | उत्पादित जलक्षेत्र हेक्टेयर में | पट्टा अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर जलाशय | 11.00 | 10 वर्ष |

अंतिम तिथि 22-04-2026

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नरसिंहपुर